कार्यालय जनपद न्यायाधीश –पीलीभीत।

आदेश संख्या– 19 /2023 दिनांकितः जनवरी 18, 2023

आदेश

मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा वर्ष 2023 के (अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु) कैलेण्डर में टिप्पणी कम संख्या 3 पर जनपद न्यायालय पीलीभीत में 05 दिन का स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट, पीलीभीत द्वारा प्रेषित परामर्श आख्या दिनांकित 16.01.2023 एवं बार संघों द्वारा स्थानीय व अतिरिक्त अवकाश के संबंध में प्रेषित प्रस्ताव दिनांकित 06.01.2023 का अवलोकन किया।

जिला मजिस्ट्रेट, पीलीभीत द्वारा प्रेषित आख्या दिनांकित 16.01.2023 के अनुसार जनपद न्यायालय, पीलीभीत हेतु परामर्श किये गये स्थानीय अवकाशों में शाहजी मियां का उर्स दिनांक 24.06.2023 व नरक चतुर्दशी (छोटी दीपावली) दिनांक 11.11.2023 जोकि कमशः चतुर्थ शनिवार व द्वितीय शनिवार है चतुर्थ शनिवार को न्यायिक अधिकारीगण का अवकाश रहता है जबकि द्वितीय शनिवार को जनपद न्यायालय में अवकाश रहता है।

उपरोक्त अवलोकन उपरान्त, कैलेण्डर वर्ष 2023 में निम्नलिखित 05 स्थानीय अवकाश जनपद न्यायालय, पीलीभीत, बाह्य न्यायालय, बीसलपुर एवं ग्राम न्यायालय, पूरनपुर हेतु घोषित किये जाते हैं:–

कम सं0	दिनांक	दिन	पर्व/त्यौहार का नाम
1	09.03.2023	गुरूवार	होली
2	14.04.2023	शुक्रवार	डा0 भीमराव अम्बेडकर जन्म दिवस
3	30.08.2023	बुधवार	रक्षाबन्धन
4	28.09.2023	गुरूवार	ईद–ए–मिलाद/बारावफात
5	14.11.2023	मंगलवार	गोवर्धन पूजा

मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा वर्ष 2023 के (अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु) कैलेण्डर में टिप्पणी कम संख्या 7 के अनुपालन में निम्न दो अवकाश जो रविवार को पड़ रहे हैं, उनके एवज में अतिरिक्त अवकाश जनपद न्यायालय, पीलीभीत, बाह्य न्यायालय, बीसलपुर एवं ग्राम न्यायालय, पूरनपुर हेतु घोषित किये जाते हैं:–

कम सं0	दिनांक	दिन	पर्व/त्यौहार का नाम	टिप्पणी
1	15.11.2023	बुधवार	भाईदूज/चित्रगुप्त जयन्ती	दीपावली अवकाश दिनांक 12.11.2023 रविवार में पड़ने के कारण
2	27.11.2023	सोमवार	गुरूनानक जयन्ती	शीतकालीन अवकाश दिनांक 31.12.2023 रविवार में पड़ने के कारण

उपरोक्त घोषित अवकाश सहित चतुर्थ शनिवार के अवकाश को सम्मिलित करते हुए वर्ष 2023 में जनपद न्यायालय, पीलीभीत में कार्यदिवस 265 से अधिक रहेंगे।

तदनुसार आदेश की प्रति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, पीठासीन अधिकारी, एम0ए0सी0टी0, समस्त न्यायालयों, बाह्य न्यायालय, बीसलपुर एवं ग्राम न्यायालय, पूरनपुर व समस्त अनुभागों को सूचनार्थ, समस्त बार संघों, केंन्द्रीय नजिर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु एवं जिला सूचना अधिकारी को समाचार–पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

समस्त सम्बन्धित अनुपालनार्थ सूचित हों।

दिनांकितः जनवरी 18, 2023

18-1-23

(सुधीर कुमार–पंचम),
जनपद न्यायाधीश,
पीलीभीत